प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 30.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- दुमका, गोड्डा और राजमहल सीट पर शनिवार को होनेवाले मतदान के लिए आज शाम पांच बजे समाप्त हो जाएगा चुनाव प्रचार।
- चुनाव अभियान की समीक्षा के लिए इंडी गठबंधन ने एक जून को दिल्ली में बुलाई बैठक, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन होंगे शामिल।
- जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत आठ लोगों की न्यायिक हिरासत अवधि दो सप्ताह बढ़ी, अगली पेशी तेरह जून को होगी।
- गोड्डा में चल रही आयकर विभाग की छापेमारी में दो कारोबारियों के ठिकानों से अब तक एक करोड़ के जेवर और तीस लाख नकद बरामद।
- राज्य में बार–बार हो रही बिजली कटौती से बढ़ी आमजन की परेशानी, मांग बढ़ने से जारी है लोड शेडिंग का दौर।

******************

दुमका, गोड्डा और राजमहल सीट पर शनिवार को होनेवाले मतदान के लिए आज शाम पांच बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा। इसके बाद कल प्रत्याशी या उनके समर्थक घर–घर जाकर लोगों से मतदान की अपील कर करते हैं। झारखंड की तीन लोकसभा सीटों गोड्डा, राजमहल और दुमका में एक जून को चुनाव कराए जाएंगे। तीनों सीटों पर कुल बावन प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं। दुमका और गोड्डा में 19–19 और राजमहल में 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। दुमका सीट पर भाजपा से सीता सोरेन और झामुमो से नलिन सोरेन चुनाव मैदान में हैं। वहीं गोड्डा में भाजपा के निशिकांत दुबे का मुकाबला कांग्रेस के प्रदीप यादव से है। जबकि राजमहल सीट पर विजय हांसदा और भाजपा के ताला मरांडी चुनाव लड़ रहे हैं।

******************

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की समाप्ति के दिन एक जून को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडी गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। नई दिल्ली में होने वाली इस बैठक में गठबंधन के सभी प्रमुख नेताओं को बुलाया गया है। इसमें लोकसभा चुनाव के संभावित परिणाम और चुनाव अभियान की समीक्षा की जाएगी। बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सोरेन भी शामिल होंगे। वे एक जून को दिल्ली जाएंगे।

******************

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चार जून को मतगणना होगी। रांची संसदीय क्षेत्र के लिए कृषि बाजार समिति पंडरा में मतगणना स्थल बनाया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल सिन्हा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाची पदाधिकारी के अलावा कोई भी व्यक्ति मतगणना भवन में मोबाइल फोन लेकर नहीं जा सकेगा। उन्होंने सभी उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों से मतगणना स्थल पर निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करने की अपील की।

******************

पीएमएलए कोर्ट ने जमीन घोटाला मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत आठ लोगों की न्यायिक हिरासत अवधि दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। इससे पूर्व हेमंत सोरेन को आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। पेशी के बाद अदालत ने हेमंत सोरेन एवं बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की, मो. सद्दाम, मो. अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय एवं इरसाद अख्तर की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। अगली पेशी तेरह जून को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी। हेमंत सोरेन एक फरवरी से न्यायिक हिरासत में हैं।

******************

टेंडर कमीशन मामले में गिरफ्तार ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को चौदह दिनों की पूछताछ के बाद आज कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, होटवार

भेज दिया गया। कोर्ट के आदेश पर ईडी 17 मई को पूछताछ के लिए मंत्री आलमगीर आलम को जेल से अपने साथ ले गई थी।

*****************

आज हिंदी पत्रकारिता दिवस है। हिन्दी पत्रकारिता की यात्रा तीस मई 1826 को पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा शुरू किए गए प्रथम हिन्दी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड के प्रकाशन से प्रारम्भ हुई। यह दिन सत्य और साहस के साथ जनकल्याण के उद्देश्य से कार्य करने वाले हिंदी पत्रकारों के विशेष योगदान को समर्पित है। समाचार पत्रों से भारत में पत्रकारिता के एक नए युग की शुरुआत हुई और बाद में समाज और संस्कृति पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ा।

*****************

गोड्डा जिले में पिछले दो दिनों से आयकर विभाग की अनुसंधान टीम दो कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इस छापेमारी में टीम को व्यापारियों के घर, दुकान एवं लॉकर से करीब एक करोड़ रुपए के जेवरात और तीस लाख रुपए नकद मिले हैं। इसके अलावा रुपयों के लेन–देन से जुड़े कई कागजात भी पाए गए हैं, जिनकी छानबीन चल रही है। व्यापारियों के ठिकानों पर आज भी छापेमारी जारी है। छापेमारी में रांची, देवघर और भागलपुर की आयकर विभाग की टीमें शामिल हैं।

*****************

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के तहत धनबाद स्थित आईआईटी आईएसएम में सहायक खान सर्वेयर का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छियासठ अभ्यर्थियों को कल प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कौशल विकास कार्यक्रम के तहत यह प्रशिक्षण तीन महीनों तक दिया गया था। प्रशिक्षण पूरा होने पर संस्थान के माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग की ओर से समारोह आयोजित कर अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र सौंपा गया। मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के उप सचिव आशुतोष कुमार ने बताया कि पूरे देश में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना फोर प्वाइंट जीरो के तहत साढ़े सात लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

*****************

नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद चार आरोपियों को पॉक्सो कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में आज बरी कर दिया। अभियोजन पक्ष ने नाबालिग पीड़िता समेत पांच गवाह पेश किए थे। गवाही के दौरान पीड़िता अपने पूर्व के बयान से मुकर गई। इसी के आधार पर अदालत में चारों आरोपियों को बरी कर दिया। घटना 27 दिसंबर 2023 को हुई थी जिसकी प्राथमिकी 1 जनवरी 2024 को बेड़ो थाने में दर्ज कराई गई थी।

*****************

सरायकेला खरसावां जिले में 31 मई से 21 जून तक विश्व तंबाकू निषेध दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

*****************

हजारीबाग में बढ़ती गर्मी के बीच तरबूजों की मांग बढ़ने से किसानों में खुशी देखी जा रही है। तरबूज की खेती में हजारीबाग जिले ने पिछले कुछ सालों से पूरे राज्य में अपनी पहचान बनाई है। स्थानीय किसान बताते हैं कि मांग बढ़ने के कारण खेतों में लगी फसल खरीदने दूर–दूर से व्यापारी आ रहे हैं। अकेले चुरचू प्रखंड में लगभग 20 एकड़ में तरबूज की खेती हुई है।

*****************

राज्यभर में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बिजली की बार–बार होने वाली कटौती से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार सामान्य दिनों में राज्य की बिजली की मांग दो हजार दो सौ यूनिट रहती है, जो इन दिनों बढ़कर दो हजार आठ सौ यूनिट हो गई है। मांग बढ़ने की वजह से जगह–जगह लोड शेडिंग की स्थिति बन रही है।

*****************

हजारीबाग में पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आज भी जिले में गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी किया है तो जिला प्रशासन ने भी एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि अति आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। बढ़ती

गर्मी के कारण अस्पतालों में मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। चुरचू उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित डॉक्टर मेघा सिन्हा ने बताया कि जब भी घर से बाहर निकले तो भरपूर पानी का सेवन करें। हो सके तो ओआरएस का घोल अपने साथ रखें।